भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2133**

उत्तर देने की तारीख 09 दिसंबर, 2024
18 अग्रहायण, 1946 (शक)

# स्कूलों में खेलों को बढ़ावा देना

**2133. श्री चरनजीत सिंह चन्नी:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान विभिन्न विभागों में खेल श्रेणी के तहत सरकारी नौकरी पाने वाले खिलाड़ियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का प्रस्ताव निजी और सरकारी स्कूलों के सहयोग से उनके पाठ्यक्रम में खेल कार्यकलापों को अनिवार्य रूप से शामिल करके खेलों को बढ़ावा देने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का विचार स्कूलों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) यह मंत्रालय विभिन्न विभागों में खेल श्रेणी के अंतर्गत सरकारी नौकरी पाने वाले खिलाड़ियों से संबंधित डाटा नहीं रखता है।

(ख) और (ग) : सरकार की समेकित समग्र शिक्षा स्कीम में खेल और शारीरिक शिक्षा घटक है जिसमें सरकारी स्कूलों को इंडोर और आउटडोर गेम्स के लिए खेल उपकरण के लिए अनुदान दिया जाता है। खेल उपकरणों हेतु प्राथमिक विद्यालयों के लिए 5000 रु. उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 10,000 रु. माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रति वर्ष 25,000 रु. तक का अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, अनुदान का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की सिफारिशों के अनुसार राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को खेल अनुदान हेतु संशोधित दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। ये दिशानिर्देश पब्लिक डोमेन में https://samagra.education .gov.in/docs/revised_samagra_sports.pdf लिंक पर उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त, सरकार खेलो इंडिया केंद्रों के माध्यम से सहायता प्रदान करती है जहां इच्छुक बच्चों को प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाती है। साथ ही, स्कूली बच्चों सहित युवाओं की भागीदारी के लिए एक मंच के रूप में यूथ गेम्स की शुरुआत की गई है, जिसके अब तक 6 संस्करण संपन्न हो चुके हैं। खेलो इंडिया केंद्रों और खेलो इंडिया यूथ गेम्स की निधि का संवितरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centres पर उपलब्ध है।

****